**विचारार्थ विषय**

**परामर्शदाता/वरिष्ठ परामर्शदाता-राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (मल्टीप्ल वेकैंसीज़)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पूर्णत: संविदा के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**भूमिकाएं और उत्तरदायित्व:**

- राज्यों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के संबंध में अपनी इनपुट/टिप्पणी का मिलान करने हेतु मंत्रालय के कार्यक्रम प्रभागों के साथ समन्वय स्थापित करना ताकि उन्हें उन राज्यों के परामर्शदाता समन्वय समिति के समक्ष रखा जा सके जिन राज्यों को परामर्शदाताओं आवंटित किया गया है।
- स्वास्थ्य के क्षेत्र में मानव संसाधन, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण, गुणवत्ता आश्वासन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य सूचना प्रणाली, निगरानी एवं मूल्यांकन, सार्वजनिक निजी भागीदारी, प्रशासन आदि को सुदृढ़ करते हुए स्वास्थ्य प्रणाली से संबंधित क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
- वार्षिक पीआईपी का मूल्यांकन और विश्लेषण तथा एनयूएचएम कार्यक्रम घटकों के अनुमोदन के लिए फीडबैक देना।
- शहरी स्वास्थ्य प्रणाली, स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के संबंध में सूचना को व्यवस्थित रूप से संग्रह, प्रलेखबद्ध और प्रस्तुत करना तथा निर्णय लेने वालों को फीडबैक देना।
- एनयूएचएम कार्यक्रम और व्यय घटक की समीक्षा, निगरानी और विश्लेषण में शहरी स्वास्थ्य प्रभाग को सहयोग प्रदान करना।
- एचएमआईएस से प्राप्त डाटा का विश्लेषण और उसे नीति निर्णायकों को प्रस्तुत करना।
- नियमित आधार पर कम निष्पादन वाले राज्यों/जिलों/शहरों की क्षेत्र निगरानी सहित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण और समवर्ती निगरानी संबंधी पहलें शुरू करना।
- तकनीकी संक्षिप्त सामग्री, रिपोर्टों, मामला अध्ययनों आदि सहित प्रचार-प्रसार हेतु सामग्री लिखने में योदान करना।

- भारत के कम निष्पादन वाले जिलों में विकेंद्रित योजना और स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए तकनीकी सहयोग।
- जानपदिक रोग संबंधी और एचएमआईएस दोनों इनपुट का उपयोग करते हुए राज्य, जिला और शहर के स्तर पर शहरी स्वास्थ्य योजनाएं तैयार करने तथा योजनाओं की समीक्षा और उनमें संशोधन करने हेतु क्षमता निर्माण करना। कम निष्पादन वाले राज्यों के लिए यथापेक्षित बजट और वित्तीय योजना तैयार करना।
- अध्ययन/मूल्यांकन नवाचार तैयार करना और मार्गदर्शन अध्ययन करना।
- समय-समय पर जैसी सहमति हो, केंद्र में एनयूएचएम के कार्यान्वयन और उसके लक्ष्यों के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
- राज्यों और जिला प्रशासन के लिए विचारार्थ विषय तैयार करने, प्रस्ताव आवेदन आमंत्रित करने आदि सहित तकनीकी सहयोग की जानकारी का संग्रह करना।
- रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य को पूरा करना।

**वरिष्ठ परामर्शदाता के मामले में अतिरिक्त उत्तरदायित्व**:

- निरंतरता और समन्वय के लिए कार्यक्रम प्रभागों से प्राप्त जानकारी का विश्लेषण करना, घटकवार बजट की समीक्षा करना, मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना तथा राज्यों को संशोधन के लिए यथापेक्षित जानकारी उपलब्ध कराना और एनपीसीसी की बैठकों में चर्चा के लिए अंतिम पीआईपी प्रस्तुत करना।
- राज्यों में कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए राज्यों एवं जिलों में आवधिक रूप से क्षेत्र दौरे पर जाना, कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं की पहचान करना और राज्यों को उनके उपयुक्त समाधान करने में सहयोग करना या तकनीकी जानकारी के लिए उपयुक्त संस्थाओं-राज्यों में एसएचआरसी, शैक्षणिक या अनुसंधान एजेंसियों के साथ अथवा राष्ट्रीय स्तर पर एनएचएसआरसी, टीआईएसएस, पीएचएफआई आदि के साथ संपर्क स्थापित करने में सहयोग करना।
- कनिष्ठ परामर्शदाताओं को उनके प्रथम वर्ष में पीआईपी समन्वय और डाटा के विश्लेषण के कार्य में मार्गदर्शन देना।

- कार्यान्वयन में सुधार की सूचना देने के लिए क्षेत्र समीक्षा दौरों का विश्लेषणात्मक प्रलेख तैयार करना।
- राज्यों तथा जिलों के भीतर उत्तम पद्धतियों एवं नवाचारों की पहचान करना तथा इन्हें अभिलेखबद्ध करने एवं नवाचार पोर्टल पर अपलोड करने में राज्यों को सहयोग देना।
- स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने संबंधी साहित्य की समीक्षा करना एवं सामयिक प्रवृत्तियों के बारे में अद्यतन रहना।
- आंकड़ों तथा क्षेत्रीय जानकारियों को तकनीकी सहयोग एवं कार्यक्रम निरीक्षण के साधनों के रूप में उपयोग करते हुए राज्यों में होने वाली प्रगति का आवधिक सार उपलब्ध कराना।

**पात्रता:**

- सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर अथवा उच्चतर अर्हता। एमबीबीएस डिग्री वांछनीय है। स्वास्थ्य परिचर्या के लिए से जुड़े वित्तीय प्रबंध एमबीए (वित्त) अथवा सीए अपेक्षित अर्हता है।
- स्वास्थ्य प्रणालियों अथवा जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्य का प्रकाशन।
- **परामर्शदाता-** अर्हक शिक्षा के बाद स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान में अथवा आयोजना में अथवा जन स्वास्थ्य परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कम से कम 2 वर्ष कार्य का अनुभव।
- **वरिष्ठ परामर्शदाता-** अर्हक शिक्षा के बाद स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान में अथवा आयोजना में अथवा जन स्वास्थ्य परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कम से कम 5 वर्ष कार्य का अनुभव।
- संगत आंकड़े तथा दस्तावेज़ ढूंढ़ने के लिए एमएस वर्ड, एक्सल, पॉवर पॉइंट तथा वैब सर्फिंग जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों सहित उच्च स्तर की जानकारी के साथ कम्प्यूटर में प्रवीणता।
- उत्तम संवाद एवं प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर वैयक्तिक योग्यता, अंग्रेजी में उत्तम मौखिक एवं लेखन संवाद कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- बहु-आयामी टीम वातावरण में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- क्षेत्तीय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों का परिचालन करने में प्रदर्शित अनुभव/जिला स्तर पर स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के क्षेत्र में कार्य करना।

- तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु राज्यों एवं जिलों का दौरान करने की इच्छा रखना तथा कार्य को नियत समय-सीमा के भीतर निष्पादित करने हेतु सौंपे गए विभिन्न कार्यो को साथ-साथ निष्पादित करने की योग्यता।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर पर कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरियता दी जाएगी।
- गुणवत्तापूर्ण कार्य के प्रकाशन अथवा विशिष्ट क्षेत्र में कार्य के अनुभव का साक्ष्य होने की स्थिति में औपचारिक शैक्षणिक अर्हता तथा अनुभव में छूट दी जा सकती है।
- स्वास्थ्य, स्वास्थ्य परिचर्या वित्तपोषण, गुणवत्ता सुधार, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य सूचना प्रणालियों, मॉनिटरिंग एवं आकलन, सार्वजनिक निजी भागीदारी, शासन इत्यादि के लिए मानव संसाधन।

**आयु सीमा:** 45 वर्ष तक की आयु (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)
**स्थान:** नई दिल्ली। अभ्यर्थी को राज्यों तथा जिलों का दौरा करने का इच्छुक होना चाहिए।

**पारिश्रमिक सीमा**:

| क्र.सं. | पद | कार्य अनुभव | पारिश्रमिक सीमा |
|---|---|---|---|
| 1. | परामर्शदाता | 2-5 वर्ष के बीच | प्रतिमाह रु. 40,000/- से रु. 90,000/- के बीच |
| 2. | वरिष्ठ परामर्शदाता | 5 वर्ष से अधिक | प्रतिमाह रु. 90,000/- से रु. 1,30,000/- के बीच |

**आवेदन कैसे करें:**

कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह निर्धारित आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के ई-मेल nuhm.recruitment@nhsrcindia.org में दिनांक 25-Nov-**2016** को अपराह्न्न **4** बजे तक अवश्य भेज दे। केवल निर्धारित संलग्न आवेदन पत्र में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।